**DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH**
संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़
**Government Girl's Polytechnic Campus, Byron Bazaar, Raipur - 492001**
शासकीय कन्या पॉलीटेकनिक परिसर, बैरन बाजार, रायपुर - 492001
Phone : 0771- 2331330, 2421376, Fax : 2331331, Website : http://www.cgdteraipur.ac.in

**:: सत्र 2013–14 में विभिन्न शासकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में संचालित CDDM, IDD, MOM, एवं ARCHITECTURE डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांको के मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु ऑन लाइन काउंसिलिंग की सूचना (NON PPT) ::**

शासकीय पालीटेक्निक दुर्ग में संचालित **MOM,** शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक रायपुर में संचालित **CDDM, IDD, MOM, ARCHITECTURE** एवं शासकीय कन्या राजनांदगांव एवं जगदलपुर में संचालित **CDDM, MOM** डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु संस्थाओं/ब्रांचों का आबंटन (Allotment) अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांको के मेरिट के आधार पर ऑन लाइन काउंसिलिंग द्वारा होंगे। अभ्यर्थी का छ.ग. का मूलनिवासी होना अनिवार्य है। प्रवेश हेतु पात्रता/आधार निम्नानुसार है।

| पाठ्यक्रम का नाम | अर्हता | प्रतिशत | प्रवेश हेतु आबंटन का आधार | आयु |
|---|---|---|---|---|
| एम.ओ.एम | 12वीं किसी भी विषय में | 35 | 12वीं के सैधांतिक विषयों के प्राप्तांकों के आधार पर | 30 |
| सी.डी.डी.एम/आई.डी.डी | 10वीं किसी भी विषय में | 35 | 10वीं के सभी विषयों के कुल प्राप्तांकों के आधार पर | 30 |
| आर्किटेक्चर | 12वीं PCM में | 35 | 12वीं के PCM विषयों के प्राप्तांकों के आधार पर | 30 |

छत्तीसगढ़ राज्य के महिला/अजजा./अजा./अन्य पिछड़ा वर्ग/विकंलाग के लिये आयु सीमा 33 वर्ष है। छत्तीसगढ़ राज्य के अजजा./अजा./अन्य पिछड़ा वर्ग/विकंलाग के लिये अर्हकारी परीक्षा में केवल उत्तीर्ण होना पर्याप्त है । आनलाइन काउंसिलिग का कार्यक्रम निम्नानुसार है ।

**ऑन लाईन काउंसिलिंग कार्यक्रम**

| स.क. | विवरण | दिनांक से | दिनांक तक |
|---|---|---|---|
| 1 | **www.mkcl.biz/nonppt2013** में ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन करना एवं ऑप्शन फार्म भरना | 08 जुलाई 2013 सुबह 11.00 बजे | 13 जुलाई 2013 शाम 4.00 बजे |
| 2 | दस्तावेज परीक्षण केन्द्र (DVC) में दस्तावेजों का परीक्षण | 09 जुलाई 2013 | 13 जुलाई 2013 शाम 5.30 बजे |
| 3 | प्रथम चरण का सीट आबंटन (Allotment-1) | 15 जुलाई 2013 (समय दोपहर 2.00 बजे) | |
| 4 | आबंटित संस्था में प्रवेश लेने का कार्य | 16 जुलाई 2013 | 20 जुलाई 2013 शाम 5.30 बजे |
| 5 | रिक्त सीटों की जानकारी अपलोड करना | 22 जुलाई 2013 (समय 11.00 बजे) | |
| 6 | द्वितीय चरण की काउंसिलिंग के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं ऑप्शन फार्म भरना | 22 जुलाई 2013 सुबह 11.00 बजे | 24 जुलाई 2013 शाम 4.00 बजे |
| 7 | DVCमें दस्तावेजों का परीक्षण/चालान जमा करना | 22 जुलाई 2013 | 24 जुलाई 2013 शाम 5.30 बजे |
| 8 | द्वितीय चरण का आबंटन (Allotment-2) | 25 जुलाई 2013 (समय दोपहर 2.00 बजे) | |
| 9 | आबंटित संस्था में प्रवेश लेने का कार्य | 26 जुलाई 2013 | 29 जुलाई 2013 |
| 10 | रिक्त सीटों की जानकारी अपलोड करना | 30 जुलाई 2013 (समय 11.00 बजे) | |
| 11 | तृतीय चरण की काउंसिलिंग के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं ऑप्शन फार्म भरना | 30 जुलाई 2013 | 01 अगस्त 2013 शाम 4.00 बजे |
| 12 | DVCमें दस्तावेजों का परीक्षण/चालान जमा करना | 30 जुलाई 2013 | 01 अगस्त 2013 शाम 5.30 बजे |
| 13 | तृतीय चरण का आबंटन (Allotment-3) | 02 अगस्त 2013 (समय दोपहर 2.00 बजे) | |
| 14 | आबंटित संस्था में प्रवेश लेने का कार्य | 03 अगस्त 2013 | 06 अगस्त 2013 शाम 5.30 बजे |
| 15 | रिक्त सीटों की जानकारी अपलोड करना | 07 अगस्त 2013 (समय 11.00 बजे) | |
| 16 | संस्था स्तर पर कांउसिलिंग | 07 अगस्त 2013 | 14 अगस्त 2013 |

**रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिन दस्तावेज परीक्षण केन्द्र (DVC) एवं प्रवेश हेतु संस्थाएं बंद रहेगे ।**

शासकीय पाली जगदलपुर में संचालित MOM तथा CDDM में प्रवेश के लिये संस्था स्तर पर 20 जुलाई तक जिला के अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति दी गई है। यदि सीट रिक्त रहती है, तभी उसे केंद्रीय काउंसिलिंग से भरी जाएगी।

**टीपः–**

1. केंन्द्रीय कांउसिलिंग की प्रवेश की अंतिम तिथि 06 अगस्त के पश्चात रिक्त रह गई सीटों को संस्था स्तर पर कांउसिलिंग के माध्यम से प्रवेश नियम के बिंदु 2.8.10 के अनुसार किया जा सकता है । संस्था स्तर की कांउसिलिंग में छत्तीसगढ़ के निवासी को प्राथमिकता दिया जाना है इसके पश्चात भी सीट रिक्त रहने पर अन्य राज्य के निवासी को भी प्रवेश दिया जायेगा । संस्था स्तर पर प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2013 है । इसके पश्चात कोई प्रवेश मान्य नहीं होगा ।

चूंकि प्रवेशित छात्रों की जानकारी संस्थाओं द्वारा ऑन लाईन रोजाना अपडेट की जायेंगी । अतः छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश सुनिश्चित करने के लिये अपने सामने ही वेबसाइट के इंस्टीट्यूट लॉग इन में अपना प्रवेश कन्फर्म करवा लें । बिना ऑनलाईन कन्फर्म किये छात्र का प्रवेश मान्य नहीं होगा ।

**5. प्रवेश के पश्चात् रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाईट में अपलोड करना –**

प्रवेश की निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् समस्त संस्थाओं में कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश नहीं लेने के कारण एवं प्रथम चरण में आबंटन नहीं होने के कारण रिक्त सीटों की सूची निर्धारित तिथि को प्रदर्शित की जायेगी ।

**6. द्वितीय एवं उच्च चरण की काउंसिलिंग –**

प्रथम चरण के पश्चात् रिक्त रह गई सीटों एवं द्वितीय एवं उच्च चरण के रजिस्ट्रेशन के दौरान पूर्व प्रवेशित छात्रों के सीट छोड़ने के कारण रिक्त होने वाली सीटों के आबंटन के लिये द्वितीय एवं उच्च चरण में पुनः वैसे ही प्रक्रिया अपनायी जायेगी, जो प्रथम चरण में थी ।

इसमें चार प्रकार के अभ्यर्थी हो सकते हैं :

1. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण मे आबंटन के पश्चात् संस्था में प्रवेश ले चुके हैं – ऐसे अभ्यर्थी यदि अपनी पूर्व आबंटित संस्था बदलना चाहते हैं तो उन्हें इसकी अनुमति है परंतु उन्हें भी इस चरण में रजिस्ट्रेशन करना होगा । इसके लिए उन्हें अपना पूर्व सीट निरस्त कराने की आवश्यकता नहीं है, रजिस्ट्रेशन करने पर उनकी पूर्व आबंटित सीट स्वमेव निरस्त हो जायेगी एवं यह आवश्यक नहीं है कि उसे वह सीट पुनः मिले । ऐसे अभ्यर्थी समझकर अपना रजिस्ट्रेशन करायें । इन्हें पुनः रु. 200/– काउंसिलिंग फीस का चालान जमा करना होगा ।
2. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में आबंटन प्राप्त किये थे परंतु संस्था में प्रवेश नहीं लिये – ऐसे अभ्यर्थी की पूर्व आबंटित सीट निरस्त मानी जायेगी एवं ये पुनः द्वितीय एवं उच्च चरण में रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे । इन्हें पुनः रु. 200/– काउंसिलिंग फीस का चालान जमा करना होगा ।
3. ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन कराये थे परंतु आबंटन नहीं हुआ था – ऐसे अभ्यर्थी यदि अपना विकल्प बदलते हैं तो उन्हें पुनः रु. 200/– काउंसिलिंग फीस का चालान जमा करना होगा । यदि विकल्प नहीं बदलते हैं तो उन्हें रु. 200/– का चालान जमा करने की आवश्यकता नहीं है । वे स्वमेव ही मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे ।
4. यदि अभ्यर्थी जो प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाये थे – ऐसे अभ्यर्थी द्वितीय एवं उच्च चरण में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं । इसके लिये इन्हें रु. 200/– काउंसिलिंग फीस का चालान जमा करना होगा ।

<u>टीप :</u> 1. जो छात्र प्रथम चरण में किसी संस्था में प्रवेश ले चुके हैं एवं द्वितीय एवं उच्च चरण में उन्हें अन्य संस्था आबंटित होती है । ऐसे छात्रों से उनके द्वारा जमा की गई कुल फीस में से रु. 500/– की कटौती संस्था द्वारा करने के पश्चात् शेष समस्त राशि संस्था द्वारा छात्र को वापस की जानी है । इसके अतिरिक्त और कोई कटौती नहीं की जानी है ।

2. कोई छात्र जो उसी संस्था में द्वितीय एवं उच्च चरण के दौरान ब्रांच परिवर्तन करना चाहते हैं, उन्हें भी पुनः ऑनलाईन लागइन करनी होगी । संस्था स्तर पर ब्रांच परिवर्तन नहीं होगा।

**7. द्वितीय एवं उच्च चरण हेतु दस्तावेज परीक्षण केन्द्रों में दस्तावेज का परीक्षण कराना एवं शुल्क जमा करना**

यह कार्य केवल उन्ही अभ्यर्थियों को कराना है जो प्रथम बार रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं, जो अभ्यर्थी पहले ही प्रथम चरण में दस्तावेज परीक्षण करवा चुके हैं उन्हें पुनः दस्तावेज परीक्षण करवाने की आवश्यकता नहीं है। परंतु उन्हें रु. 200/– का चालान जमा करने हेतु दस्तावेज परीक्षण केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है । इसके बिना रजिस्ट्रेशन पूर्ण नहीं माना जायेगा एवं आबंटन हेतु विचार नहीं किया जायेगा ।

**8. द्वितीय एवं उच्च चरण का सीट आबंटन**

द्वितीय एवं उच्च चरण में विकल्प बदलने वाले अभ्यर्थियों, नये अभ्यर्थियों एवं प्रथम चरण में आबंटन से वंचित अभ्यर्थियों के मेरिट के आधार पर रिक्त सीटों पर आबंटन सूची निर्धारित तिथि को जारी की जायेगी । जिसे वेबसाइट में अवलोकन किया जा सकता है ।

**9. आबंटित संस्था में प्रवेश लेने का कार्य**

द्वितीय एवं उच्च चरण में आबंटित अभ्यर्थियों को संबंधित संस्था में निर्धारित अवधि में प्रवेश लेना अनिवार्य है । निर्धारित अवधि में प्रवेश नहीं लेने पर आबंटन स्वमेव निरस्त माना जायेगा । जो अभ्यर्थी पूर्व में कही प्रवेश ले चुके थे, उन्हें तात्कालिक रूप से स्थानांतरण प्रमाण पत्र के बिना भी प्रवेश लेने की अनुमति है । परंतु बाद में स्थानांतरण प्रमाण पत्र जमा करना होगा ।

**10.**किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में काउंसिलिंग समिति का निर्णय अंतिम होगा ।

**11.**कृपया वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें ताकि किसी तरह की प्रक्रिया में बदलाव अथवा अद्यतन जानकारी से अवगत रहें।काउंसिलिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी www.mkcl.biz/cgnonppt2013 एवं www.cgdteraipur.ac.in में दी गई है। आवश्यक पूछताछ के लिये दूरभाष क्रमांक 0771–2421376 एवं मोबाइल नंबर 98274–72366 पर संपर्क किया जा सकता है।

**संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ**